हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 10 जुलाई 2025

04 अतिथि शिक्षक को ज्वॉइन कराने के बदले में ...



07 पुलिस की रूटीन चेकिंग से बौखलाए कांग्रेसी ...





## खबर संक्षेप

### बिना पूर्व अनुमति अवकाश पर प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने 28 जुलाई 2025 से 8 अगस्त तक चलने वाले विधानसभा सत्र के दौरान जिले के सभी अधिकारियों (जिला प्रमुखों) को बिना अनुमति के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि बिना अनुमति के अवकाश पर न जाएं, अवकाश पर जाने के लिए नोडल अधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी शासकीय अवकाश में भी मुख्यालय पूर्व स्वीकृति के बिना न छोड़ें।

### विद्यार्थी कर सकेंगे 30 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन rskmp पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में जेएनवीएसटी 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी बेवसाईट www navodaya.gov in अथवा http://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन के लिए विद्यार्थी की जन्म तारीख 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए तथा किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय से तीसरी एवं चौथी कक्षा उत्तीर्ण की हो एवं वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत होना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थी का आधार कार्ड तथा सीहोर जिले का निवासी होना चाहिए।

### त्रैमासिक बैठक आज

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 10 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई है।

---

सामुदायिक भवन नहीं होने से खुले मैदान में करने पड़ते हैं कार्यक्रम, सुकून के दो पल बिताने नहीं बना पार्क

# 40 साल पुराना घूड़ा बना वार्ड की पहचान, पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्डवासी, रात 12 बजे आते हैं नल

**वार्ड क्रमांक 22 की कहानी लोगों की जुबानी**

वार्ड के एक क्षेत्र में दो साल पहले बनी नाली, दो बार हुई सफाई, 300 फिट दूर से लाए बिजली का कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



**सीहोर।** वार्ड क्रमांक - 22 में सड़क किनारे इस तरह घूड़े का ढेर लगा रहता है। इससे रहवासी व राहगीर होते हैं परेशान।

हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा शुरु किए गए वार्ड स्कैन की सीरिज में शहर के वार्ड क्रमांक 22 में लोगों से समस्याएं जानी व उपलब्धी पूछी। इस दौरान नागरिकों ने बताया कि सीहोर-श्यामपुर रोड स्थित कचरे का ढेर (घूड़ा) वार्ड 22 की पहचान बन गया है। मंडी चौराहे से थाने तक की सड़क गड्ढों में तब्दील है। हर दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं। पार्षद विशाल राठौर (प्रतिनिधि) को दूसरी बार भी बहुत उम्मीदों से मौका दिया गया था कि अनेक विकास कार्य होंगे। वार्ड में सार्वजनिक सामुदायिक भवन बनेगा, पार्क की सौगात मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

हरिभूमि वार्ड -स्कैन

तीन साल के लंबे कार्यकाल में महज नरसिंहगढ़ नाके पर एक नाले का निर्माण कराया जा रहा है, इसके अलावा कोई खास उपलब्धी नजर नहीं आती।

### पांच बड़े क्षेत्रों में बंटा वार्ड

वार्ड क्रमांक 22 क्षेत्रफल में बड़ा है। इस वार्ड में पांच बड़े क्षेत्र हैं, जिनमें फ्रीगंज, पुलिस लाइन, प्रेम नगर कालोनी, संजय का बगीचा व इंद्रा कालोनी शामिल हैं। वार्डवासियों के अनुसार वार्ड में सबसे ज्यादा परेशानी पेयजल की है। बारिश के दिनों में भी वार्ड में 2-3 दिन छोड़कर नलों से पानी आ रहा है।

पुराने समय की सडक़ें बनी है, जो अब जर्जर हालत में पहुंच गई है। इस परिषद के कार्यकाल का 3 साल का लंबा समय बीत गया, अब महज 2 साल बचे हैं, ऐसे में विकास के मामले में क्या ज्यादा उम्मीद रख सकते हैं।

**फैक्ट फाइल**

**4500** आबादी

**2848** मतदाता (2022 के अनुसार)

**800** मकानों की संख्या

**प्रमुख क्षेत्र :** फ्रीगंज, इंद्रा कॉलोनी, संजय का बगीचा, पुलिस लाइन, प्रेमनगर कालोनी



**सीहोर।** वार्ड क्रमांक 22 में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दिनों में इनमें पानी भरा जाता है।

### क्या बोले वार्ड नंबर 22 के रहवासी

#### हो रहे सड़क हादसे



मेरे घर के सामने स्थित सीहोर-श्यामपुर सड़क पर गड्ढा है। मुझे पांच साल हो गए, तब से इस गड्ढे को देख रहा हूं, जबकि दो साल पहले ही यह सड़क बनी है, लेकिन फिर गड्ढा हो गया। पेंचवर्क होता है, जो दो-तीन दिन में उखड़ जाता है। गड्ढे की वजह से हर दिन 2 से 3 सड़क हादसे होते हैं, लोग घायल होते हैं।

*डॉ. आशीष आर्य, वार्डवासी*

#### घूड़े पर नजर



मुझे यहां निवास करते हुए करीब 40 साल हो गए हैं। श्यामपुर रोड स्थित यह घूड़ा मेरे ही घर के सामने है। सुबह उठते ही गेट खोलते हैं, पहली नजर घूड़े पर ही जाती है। यह घूड़ा वार्ड की सुंदरता में ग्रहण बना है। वार्ड में छोटे-मोटे और भी काम है। परिषद के इस कार्यकाल में नरसिंहगढ़ नाके पर नाले का निर्माण हो रहा है, यह अच्छा है।

*मारुति राव, चिकित्सक वार्डवासी*

#### पहचान बना घूड़ा



जब से होश संभाला है, तभी से यह घूड़ा देख रहे हैं। घूड़े के पास भगवान गणेश जी का पुराना मंदिर है। घूड़े पर लोग दिन भर कचरा डालते हैं। दिन भर बदबू उड़ती है। घूड़े के सामने व आसपास कई घर है, स्कूल हैं और दुकानें है। इस वार्ड की यह सबसे बड़ी परेशानी है।

*विनोद सूर्या, वार्डवासी*

#### कोई समस्या नहीं



हमारे वार्ड क्रं. 22 में कोई समस्या नहीं है। वार्ड पार्षद सभी लोगों का अच्छे से ध्यान रखते हैं। तीन साल के कार्यकाल में वार्ड में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। नियमित रूप से नालियों की सफाई होती है साथ ही प्रतिदिन कचरा गाड़ी भी आती है। वार्ड पार्षद से कोई शिकायत नहीं है।

*सविता मेवाड़ा, वार्डवासी*

#### कई कामों की जरूरत



वार्ड में अनेक विकास कार्यों की उम्मीद लेकर हम भी चुनाव में उतरे थे। सबसे पहली प्राथमिकता थी सामुदायिक भवन, जिसके पीछे वजह था कि वार्ड में अनेक निर्धन परिवार हैं, जो महंगे होटल-गार्डन किराए पर नहीं ले सकते, उनकी सुविधा के लिए सामुदायिक भवन जरूरी था। पार्क भी होना चाहिए, ताकि बच्चे व बुजुर्ग सुकून के पल बिता सके।

*प्रदीप सरकार, कांग्रेस उम्मीदवार (प्रतिनिध)*


#### रात में आते हैं नल



घर के सामने महज 4 फिट की गली है। इतने में क्या सुविधाओं की उम्मीद रखें। एक पेयजल व्यवस्था है वह ठीक हो जाए तो अच्छी बात है। 6-7 दिन में नल आते हैं, वह भी रात 12 बजे। शायद सीहोर शहर में एक मात्र हमारा ही मोहल्ला ऐसा होगा, जहां रात 12-1 बजे नल आते हैं। पार्षद को भी कई बार अवगत करा दिया गया है।

*बिशन बाई, वार्डवासी*

#### सफाई नहीं होती



वार्ड 22 की एक समस्या हो तो बताऊं। वार्ड में अनेक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नियमित सफाई नहीं होती। नालियां गंदगी से भरी है। दो-चार दिन में एक बार नलों से पानी आता है, वह भी ज्यादा देर नहीं। पार्षद के तीन साल के कार्यकाल में ऐसा कोई अच्छा काम नहीं हुआ है, जिसे उपलब्धी बता सके।

*एसके राठौर, वार्डवासी*

---

## कन्या शिक्षा परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**सीहोर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में शासन के आदेशानुसार दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को विधि-विधान से गुरुजनों के सानिध्य में उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति उपाध्यक्ष शोभा चांडक उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती पूजन से किया, तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य ने भारतीय परंपरा अनुसार तिलक कर अतिथि का स्वागत अभिनंदन किया एवं विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात अतिथि ने अपने वक्तव्य से गुरु शिष्य परंपरा की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि गुरु वह खजाना है जो अनमोल है, गुरु का ज्ञान अमर है, गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का माध्यम है। अंत में अतिथि ने गुरु दीक्षा के महत्व के बारे में बताया एवं छात्राओं को आगे संबोधित करते हुए कहा कि कभी भी गुरु का अपमान ना करें एवं अपने अंदर अहंकार का भाव जागृत ना होने दें द्य अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीना शिवदासानी ने आभार प्रकट करते हुए बताया कि बच्चा जन्म से ही सीखना प्रारंभ कर देता है परन्तु उसे जीवन जीने का वास्तविक ज्ञान अपने गुरु से ही मिलता है। आगे प्राचार्य ने अपने आभार प्रदर्शन में कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों, मंचासीन समस्त अतिथि गण, विद्वान एवं विदुषी शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने वाली समस्त छात्राओं व कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वाले समस्त कन्या शिक्षा परिसर परिवार का आभार व्यक्त किया।



## नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 10 लाख की सौगात, नागरिकों से कराया भूमिपूजन

**शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना योगदान दें: नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर**




**सीहोर।** शहर में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। नगर में नालियों के साथ सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए नगर पालिका अमला सक्रिय है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने करीब 10 लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़क का भूमि पूजन यहां पर मौजूद नागरिकों से कराया। इस मौके नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि दीपेन्द्र कसोटिया आदि शामिल थे।

पार्षद प्रतिनिधि दीपेन्द्र कसोटिया ने बताया कि बुधवार को नपाध्यक्ष राठौर के द्वारा 10 लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। रोड का निर्माण नाले तक किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद सीएमओ सिंह ने अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेंकें। कचरे को हमेशा पालिका द्वारा गाड़ियों या डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा डालता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है। भूमि पूजन पर संतोष शाक्य, कमलेश राठौर, नरेन्द्र राजपूत, मुकेश मेवाड़ा, लोकेन्द्र वर्मा, कमलेश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा आदि शामिल थे।

## गुरु पूर्णिमा पर आज 30 क्विंटल नुक्ति का लगाया जाएगा भोग

# कुबेरेश्वरधाम करोड़ों शिव भक्तों की आस्था का केन्द्रः प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



संपूर्ण ज्योर्तिलिंगों के मध्य देश भर के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र कुबेरेश्वरधाम है, यहां पर कंकर-कंकर में शंकर है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं भगवान शंकर करते हैं। पिछले साल गुरु पूर्णिमा पर एक मात्र पंडाल लगाया था, लेकिन वर्तमान में 10 से अधिक पंडाल और डोम के बाद भी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की कमी नहीं है, यह बड़े-बड़े पंडाल छोटे पड़ गए है। यह सब बाबा का आशीर्वाद और आपका शिव पर किया विश्वास का परिणाम है।

उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर जारी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पांचवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। धाम के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत सुबह से ही लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा दी जाएगी और दोपहर एक बजे से ढाई बजे तक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। वहीं पूर्णिमा के पावन अवसर पर 30 क्विंटल से अधिक नुक्ति का वितरण भोजन प्रसादी के साथ किया जाएगा। बुधवार को शिवमहापुराण कथा की शुरुआत पंडित मिश्रा ने हर हर महादेव, घर घर महादेव, जन जन महादेव के उद्घोष से की। लाखों भक्तों के सैलाब को देख कहा शिवकृपा आती है तब हमें जीवन का कोई न कोई सुख प्राप्त होता है। शिव की कृपा उदारता आप और हम पर हुई है। सभी भगवान एक समान हैं, उनमें कोई भेद नहीं है यह एक सामान्य धार्मिक भावना है जो विभिन्न देवी-देवताओं को एक ही परमेश्वर के विभिन्न रूपों के रूप में देखती है। इसका मतलब है कि सभी भगवान, चाहे वे किसी भी नाम या रूप में पूजे जाते हों, एक ही सर्वोच्च शक्ति के विभिन्न पहलू हैं।

काशी में कंकर-कंकर में शंकर यह एक प्रसिद्ध कहावत है जिसका अर्थ है कि काशी के हर पत्थर में भगवान शिव का वास है। यह काशी की धार्मिक और आध्यात्मिक महिमा को दर्शाता है। दिवोदास, काशी के एक राजा थे जिन्होंने देवताओं को काशी से निकाल दिया था और स्वयं काशी का शासन संभाला था। राजा दिवोदास के बारे में विस्तार से जारी दी। पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि सत्संग की कमाई कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सत्संग की पूंजी कभी समाप्त नहीं होगी। अपने जीवन को आनंद से जियो न कि किसी की बुराई करके। कोई कितनी भी गालियां दे मुंह पर कपड़ा रख चुपचाप निकल जाए गालियां देने वाले को कर्म फल मिलेगा। पंडित मिश्रा के ऐ मेरे भोले नाथ, दिल तुझको दिया के भजन पर पूरा पांडाल झूम उठा। सभी भगवान एक समान हैं, उनमें कोई भेद नहीं है यह विचार है कि विभिन्न देवी-देवताओं को एक ही परमेश्वर के विभिन्न रूपों के रूप में देखा जाता है और यह सभी मनुष्यों को समान मानता है। उन्होंने कहाकि शिव पुराण में बताया गया है कि जो सच्चे मन से भगवान शिव पर विश्वास करता है, उसके जीवन के सभी दुख शिव की कृपा से क्षण भर में दूर हो जाते हैं। हम जो कर्म करते हैं, उसका फल हमें मिलता है।

भगवान शिव की पूजा, अर्चना और भक्ति करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है। यदि जीवन में कोई कष्ट या दुख आता भी है, तो भगवान शिव उन दुखों को हर लेते हैं, यदि हम समय-समय पर भगवान का धन्यवाद करते रहें और उनकी भक्ति में लीन रहें।

## जिले में अब तक 328.4 एमएम बारिश




**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 18.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 12, बुधनी में 63, रेहटी में 74.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 9 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 328.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 202.5 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 09 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 303.1, मिलीमीटर, श्यामपुर में 257.3, आष्टा में 204, जावर में 185, इछावर में 311.3, भैरूंदा में 327, बुधनी में 522 तथा रेहटी में 517.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

खबर संक्षेप

## मोहन चौरसिया अध्यक्ष एवं लखन चौरसिया बने युवा अध्यक्ष





**सीहोर।** चौरसिया समाज सीहोर के चुनाव सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुए। समाज के अध्यक्ष मोहन चौरसिया को पुनःआगामी कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव पदाधिकारी अशोक चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, श्रीमती उषा, प्रकाश चौरसिया, संरक्षक नीरज चौरसिया द्वारा समाज के अन्य पदों के उम्मीदवारों का निर्वाचन कर मनोनित किया गया। जिसमें युवा अध्यक्ष लखन चौरसिया, जिला महामंत्री जितेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष हरि ओम चौरसिया, सचिन, संतोष मामा चौरसिया, कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया पान एवं युवा महामंत्री शुभम चौरसिया, सचिव पवन चौरसिया, उपाध्यक्ष आशीष चौरसिया, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीरा देवेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष अंजना गणेश चौरसिया, महामंत्री रजनी संजय चौरसिया, युवा महिला अध्यक्ष भावना निकेश चौरसिया, सचिव मेघा कपिल चौरसिया, उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा दिनेश चौरसिया को मनोनित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गणेश चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं देवेंद्र चौरसिया, लोकेश चौरसिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इनकी इस नियुक्ति पर समाजजनों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की।

## श्योपुर को सीहोर फुटबॉल टीम ने 9-1 के विशाल अंतर से हराया

**सीहोर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शिवपुरी में आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में सीहोर का मैच मंगलवार को श्योपुर से खेला गया इसमें सीहोर टीम 9-1 से विजय रही। इससे पहले ग्वालियर को एक तरफा मैच में सीहोर ने हराया था। सीहोर टीम की जीत ने साबित कर दिया है कि शहर के खिलाड़ियों में आक्रमक के साथ रक्षात्मक शैली में खेलने की विशेषता है। टीम की इस कामयाबी पर जिला फुटबाल एसोसिएशन ने बधाई दी है। मंगलवार को आयोजित इस मैच में सीहोर की ओर से नव्या, जयन ने तीन-तीन गोल किए, भवजोत ने दो गोल किए, सिद्धार्थ ने एक गोल किया टीम के कोच ध्रुव शर्मा, टीम मैनेजर पुष्प यादव है सीहोर टीम ने श्योपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश पर बधाई दी है।

### पीड़ित ने कलेक्टर को लिखित ज्ञापन देकर कार्रवाई करने के लिए मांग उठाई

# अतिथि शिक्षक को ज्वॉइन कराने के बदले में स्कूल प्रभारी ने मांगी घूस

गांव ब्रिजीशनगर निवासी मनोज राठौर ने मंगलवार को सीहोर पहुंचकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मनोज राठौर ने बताया कि वह पिछले तीन साल से सोहनखेड़ा मिडिल स्कूल में अंग्रेजी विषय से अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र के ब्रिजीशनगर संकुल के तहत आने वाले मिडिल स्कूल सोहनखेड़ा में अतिथि शिक्षकों को ज्वाइन कराने के नाम पर स्कूल प्रभारी द्वारा 5 हजार की घूस मांगने का मामला प्रकाश में आया है। एक पीड़ित अतिथि शिक्षक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसकी शिकायत की है। साथ ही आरोपी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव ब्रिजीशनगर निवासी मनोज राठौर ने मंगलवार को सीहोर पहुंचकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मनोज राठौर ने बताया कि वह पिछले तीन साल से सोहनखेड़ा मिडिल स्कूल में अंग्रेजी विषय से अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। नएं शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए जब वह आनॅलाइन आवेदन कर ज्वाइन करने स्कूल में पहुंचे तो स्कूल प्रभारी बाबू लाल गोयल ने ज्वाइन कराने के नाम पर 5 हजार रुपए की मांग की । मैंने उक्त राशि देने में असमर्थता व्यक्त की तो श्री गोयल ने कहा कि बिना पैसे ज्वाइनिंग नही हो सकती। शेष अन्य अतिथियों को भी इस बार नहीं रखा गया है, जो अतिथि पैसे देगा उन्हीं को रखा जाएगा । पैसे ऊपर के अधिकारियों को भी देना पड़ता है। इस दौरान उन्होंने मेरी रिक्वेस्ट भी डिलिट कर दी। ज्ञापन में अतिथि शिक्षक ने स्कूल प्रभारी के साथ संकुल प्रभारी दिवाकर सिंह पर भी घूस लेने के आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।




### पुराने अतिथि को देना है प्राथमिकता

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों को रखें जाने के निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी किए गए है। नियमानुसार जो अतिथि पूर्व से स्कूल में पदस्थ हैं उसे नए शैक्षणिक सत्र में प्राथमिकता देनी है। उसकी असहमति के बाद ही नए अतिथि शिक्षक की ज्वाइनिंग की जाना है। लेकिन स्कूल प्रभारी ने नियमों को धता बताते हुए उक्त पुराने अतिथि शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया ।

बताया जा रहा है कि मनोज राठौर के अलावा स्कूल में तीन अन्य लखन ठाकुर, स्वाती महेश्वरी, दीप्ती वर्मा अतिथि शिक्षक पिछले दो-तीन वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन इनको भी आरोपी स्कूल प्रभारी ने ज्वाइन नहीं कराया है। इस संबंध में स्कूल प्रभारी बाबू लाल गोयल का कहना है कि उक्त अतिथि शिक्षकों की सेवाएं संतोषजनक नहीं है, पालकों ने इनके स्थान पर नए अतिथि शिक्षक रखने की मांग की है। इस कारण इन्हें ज्वाइन नहीं कराया गया।

### जांचकर की जाएगी कार्रवाई

अतिथि शिक्षक की शिकायत प्राप्त हुई है , जिसमें उसने स्कूल प्रभारी एवं संकुल प्रभारी पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच कराई जा रही है इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संजय तोमर,** जिला शिक्षा अधिकारी

## जुआ के अड्डे पर पुलिस का छापा

## निर्माणाधीन मकान से 5 जुआरी गिरफ्तार, 24 हजार 800 जब्त



**सीहोर।** बिलकिसगंज थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनधार गांव के पास एक निर्माणाधीन मकान में छापा मारा। यहां से पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला और एसडीओपी पूजा शर्मा के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई। उप निरीक्षक संदीप मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में प्रधान आरक्षक सुनील वर्मा, योगेश जाटव, आरक्षक तेजपाल सिंह, प्रमोद गढ़पाल, अंकित वर्मा और सचिन इनवाती शामिल थे। पकड़े गए आरोपियों में अनिल राजपूत (इंदिरा नगर कॉलोनी सीहोर), मुकेश मेवाडा (फ्रीगंज बिलकिसगंज), शुभम राठौड़ (दुर्गा कॉलोनी गंज सीहोर), संतोष यादव (बड़ी ग्वाल टोली गंज सीहोर) और एक अन्य संतोष यादव (बड़ी ग्वालटोली गंज सीहोर) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 24 हजार 800 रुपए की नकदी और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण

**सीहोर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोंठी एवं छतरी के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान के अंतर्गत मंदिर प्रांगण एवं शमसान भूमि में 21 पौधों का पौधारोपण कर पौधों को जीवित रखने का संकल्प लिया गया, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, नवांकुर संस्था प्रभारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छतरी के अध्यक्ष राकेश शर्मा, ग्राम सोंठी समिति अध्यक्ष मथुरा गिरी, ग्राम बमुलिया दोराहा समिति अध्यक्ष थान सिंह मीना, ग्राम हसनपुर तिनोनिया समिति अध्यक्ष हिरदेश परमार एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# परिवार बेसहारा, मां की आंखों में आंसू, विभाग का सिस्टम अभी भी 'फॉर्मेलिटी' करने में उलझा

### करंट लगने से हुई थी युवक की मौत, विद्युत विभाग की जांच में उलझी फाइल

**भैरूंदा।** विद्युत विभाग चुप्पी और सिस्टम पर सवालिया निशान उठने लगे हैं। बीते दो सप्ताह बाद भी गरीब मजदूर की मौत की जांच अभी भी अधूरी है। एक गरीब परिवार का इकलौते बेटे की मौत का इंसाफ़ विभाग नहीं दिला पाया। ज्ञात हो कि 24जून को राला के समीप देवमाता स्कूल के पास बिजली पोल पर काम कर रहे गरीब मजदूर भगवान पिता रेवाराम परते निवासी ग्राम गिल्लोर 20वर्षीय को करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक जिम्मेदारो पर न तो कार्रवाई हुई, न ही परिजनों को इंसाफ़ मिला। यह हादसा सिस्टम और विभाग की लापरवाही से होना बताया गया था। परिजनों ने आरोप लगाएं थे कि ठेकेदार कुंवर सिंह तवर एवं लाइनमैन जाकिर और हेल्पर गुरूदयाल की लापारवाही से बेटे जान गई थी।

मौके पर मौजूद मजदूर नरेंद्र ने भी बताया था कि पहले परमिट की बात की लगातार दो बार लाइनमैन जाकिर भाई और गुरू दयाल से फ़ोन पर बात की परमिट हों गया। जवाब मिला हा परमिट ले लिया है। काम शुरु करवाओ। मजदूर की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग में शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों ने जांच का भरोसा देकर मामला शांत कराया था।

अब दो सप्ताह बीत जानें के बाद भी अधिकारियों से एक ही सवाल है आखिरकार जिम्मेदार कौन है। अधिकारियो से जवाब मिलाता है,जांच की जा रही है। हालाकि भैरूंदा थाना पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर अभी एक कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान लिए गए हैं। बयान दर्ज कर अभी एक कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जा रही है।



**कब तक चलेगी जांच, कब मिलेगा परिजनों को इंसाफ़ :** हर बार की तरह इस बार भी 'जांच' की घिसी-पिटी कहानी दोहराई जा रही है। मृतक का परिवार बेसहारा है। मां की आंखों में आसूं हैं। लेकिन विभाग का सिस्टम अभी भी 'फॉर्मेलिटी' में उलझा हुआ है।

**आखिर जिम्मेदार कौन नहीं पता, जांच में उलझी जान की फाइल :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस पोल पर मजदूर द्वारा काम किया जा रहा था, उसमें करंट कैसे दौड़ रहा था। इसकी जिम्मेदारी किसकी थीं क्या लाइनमैन ने परमिट लेकर बिजली बंद नहीं करवाई? क्या ठेकेदार ने सुरक्षा उपाय अपनाए? क्या मजदुर को बिना सुरक्षा के खंभे पर चढ़ा दिया गया? इन सभी सवालों का जवाब आज तक अधूरा है। कोई भी जवाब देने को तैयार नहीं, सिस्टम की चुप्पी, पीड़ित परिवार के लिए एक सजा सी बन चुकी है। मृतक का परिवार इंसाफ़ की रॉहे देख रहा है।, लेकिन बिजली विभाग के आला अफसर अभी भी चुप्पी साधे हुए हैं। न मुआवजा तय हुआ, न किसी कर्मचारी पर कार्रवाई हुई। बिजली विभाग की अनदेखी एक बार फिर साबित कर रही है कि मजदूर की जान की कोई कीमत नहीं।

पहले विद्युत विभाग के अधिकारियो ने बताया था हमारे विभाग का मामला नहीं है। यह बोल कर पहले अपना पल्ला झाड़ चुके हैं। सम्बंधित ठेकेदार कुंवर सिंह ने भी पहले बताया था विभाग को परमिट की सुचना दी गई थी। अब उन्होने बताया कि थाने में उनके और कर्मचारियों के नाम पर मामला दर्ज हुआ है।

इस संबंध में भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान लिए गए हैं। संबंधित ठेकेदार के कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज किया गया है, पुलिस प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई जांच अधार पर की जाएंगी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए आज रवाना होंगे श्रद्धालु

**सीहोर।** बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में गुरुवार को दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना होगा। 62 सदस्यीय मंडल के अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में रवाना होगा। मंडल में 54 पुरुष और आठ महिलाएं शामिल है। श्री यादव के मुताबिक गुरुवार को श्रद्धालु शहर के रेलवे स्टेशन से मालवा ट्रेन से रवाना होंगे। वे पहलगांव चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्री यादव ने बताया कि विगत 12 सालों से मंडल के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। इस मौके पर जिला संस्कार मंच सहित अन्य संगठनों के द्वारा बुधवार को बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे का स्वागत किया जाएगा।

# कादराबाद के ग्रामीणों ने बारिश के पानी की निकासी के इंतजाम कराए जाने की मांग की

### निचले मोहल्ले के कई घरों में घुसा पानी ग्रामीणों को हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम कादराबाद के ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश के पानी की निकासी के इंतजाम कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया की तेज बारिश के समय निचले मोहल्ले के कई घरों में बारिश का पानी भर जाता है। घरों में पानी घुसने से जनजीवन बुरी तरह अस्तव्यस्त हो जाता है और पानी लगने से घर गृहस्थी का पूरा सामान खराब हो जाता है। जनसुनवाई में शिकायती पत्र देकर अमर सिंह आ नारायण सिंह, नीराजीदा नजीर खीं. ललता बाई पति कनीराम, देव सिंह आ नारायण सिंह ने बताया कि ग्राम के ही कुछ लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण बारिश का पानी घरों में घुस रहा है। अतिक्रमण हटाने का कहने पर यह लोग मारपीट करने की धमकी देते है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना कर पानी निकासी के लिए नाले से अतिक्रमण हटवाने और घरों में बारिश का पानी घुसने से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।



## मानव अधिकार जन चेष्टा परिषद के महासचिव बने मजीद खान



**सीहोर।** भारतीय सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार जन चेष्टा परिषद ने हाल ही में मजीद खान को महासचिव के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भारतीय सामाजिक न्याय एवं जन चेष्टा परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एम आसिफ रिजवी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष तौसीफ सईद द्वारा प्रदान की गई है वही श्री सईद ने कहा कि मानवाधिकारों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, मजीद खान मानवाधिकारों के क्षेत्र में एक अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान विभिन्न संगठनों में काम किया है और मानवाधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मानवाधिकार जन चेष्टा परिषद के महासचिव के रूप में, मजीद खान संगठन के दैनिक कार्यों का नेतृत्व करेंगे और मानवाधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वह संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों का श्री खान के नेतृत्व में, मानवाधिकार मंच मानवाधिकारों के क्षेत्र में अपने कार्यों को विस्तारित करने और नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करेगा। संगठन मानवाधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण योगदान करेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेगा। इस अवसर पर आजम लाला, रवि पांडे, सुनील परमार, मोहसिन खान,ऋषभ नाथ,नासिर खान, गोलू सेन, अमित तिवारी सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

### मूंग उपार्जन केंद्रों पर सुनिश्चित की जाएं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं :एसपी

# बाढ़ राहत और बचाव की तैयारियों को रखा जाए चाक-चौबंद : कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भैरूंदा में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण, लाड़कुई और रेहटी में बनाए गए मूंग उपार्जन केंद्र एवं ग्राम कोसमी में लगाए गए धरती आभा अभियान के शिविर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंनें बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में ग्राम छिंदगांव काछी पहुंचकर कोलार नदी, नीलकंठ एवं आंवलीघाट पहुंचकर नर्मदा नदी तथा रेहटी थाने का निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी, बुधनी डीएस तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने ग्राम छिंदगांव में कोलार नदी तथा नीलकंठ एवं आंवलीघांट पर बाढ़ राहत एवं बचाव के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने नर्मदा तथा कोलार नदी का जल स्तर भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों में बाढ़ के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव के सभी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय रखें, ताकि सूचना मिलते ही त्वरित राहत एवं बचाव की कार्रवाई कर जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुल, पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी की जाए और पुल पुलियों पर पानी होने की स्थिती में नागरिकों को इन्हें पार करने से रोका जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में रेहटी थाने का भी निरीक्षण किया।



### मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने लाड़कुई एवं रेहटी में मूंग उपार्जन के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि विक्रय के लिए उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। यदि किसानों को कोई समस्या आये तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छ पेयजल, बैठने के लिए कुर्सियों सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, हम्माल एवं तुलावटी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

**ग्राम कोसमी पहुंचकर धरती आबा शिविर का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने ग्राम कोसमी में धरती आबा अभियान के तहत आयोजित किए गए शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही न छूटे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि किस परिवार को कौन सी योजना का लाभ अभी तक नही मिला है और उस योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। यह अभियान जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य चलाया जा रहा है जो सरकार का प्राथमिकता वाला अभियान है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शिविरों में समय पर उपस्थित हो और जनजातीय समुदाय के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करें।

# फर्जी दस्तावेजों से धोखाधड़ी कर हड़प ली आदिवासियों की जमीन




**सीहोर।** इमलीखेड़ा के आदिवासियों की जमीन फर्जी दस्तावेजों से धोखाधड़ी कर हड़प ली गई है। तहसील कार्यालय सीहोर में भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है उक्त आरोप समाजवादी पार्टी ने लगाए है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम मंगलवार को समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया गया है।

ज्ञापन में बताया कि पटवारी हल्का नंबर 76 राजस्व निरीक्षक मण्डल 2 ग्राम ईमलीखेडा में रहने वाले मिश्रीलाल, मुकेश, माल सिंह, कमल सिंह, प्रेम सिंह, अरूण सहित अन्य अनपढ़ अशिक्षित आदिवासियों की कृषि उपयोगी जमीन रईस मियां और राजकुमार एवं इंदर सिंह नामक व्यक्तियों के द्वारा शासन की योजना का लाभ दिलाने के नाम पर झूठावादा और लालच देकर कागज पर अंगूठे लगवा लिए थे। जिस के कुछ माह बाद आदिवासी काम के लिए गांव से बाहर चले गए जब वापस लौटे तो मालूम चला कि उनकी जमीन किसी और के नाम हो गई है। जबकि आदिवासियों के पास ऋण पुस्तिका खसरा नकल व सरकारी सभी दस्तोवज मौजूद है। उक्त जमीन वर्तमान में इन लोगों के नाम कैसे आई यह जांच का विषय है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **राहुल आ. श्री धरम सिंह** हैं। मेरे शैक्षिणक प्रपत्रों एवं आधार कार्ड में भी मेरे नाम अंकित है, लेकिन त्रुटिवश मेरे वाहन चालक लायसेंस में मेरा नाम **राहुल करमोदिया आ. धरमसिंह करमोदिया** अंकित हो गया है। जिसके परिवर्तन हेतु मेरे द्वारा आवेदन किया गया है। उक्त प्रस्तावित नाम एवं वल्दियत ही वास्तविक होकर सत्य है, जो सर्वसाधारण को सूचित हो।

**भवदीय, राहुल आ. धरमसिंह निवासी बैदाखेड़ी तह. आष्टा जिला सीहोर**

# पुलिस की रूटीन चेकिंग से बौखलाए कांग्रेसी विधायक, बोले - भाजपा की बजाना बंद करो

## तराना विधायक परमार बोले- गोली मार दो मुझे !, टीआई बोले 150 से अधिक गाड़ियों की हुई है चेकिंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अशोकनगर में मंगलवार को कांग्रेस की न्याय सत्याग्रह रैली में शामिल होने के लिए उज्जैन के तराना विधानसभा से विधायक महेश परमार और सुसनेर विधानसभा से विधायक भैरूसिंह परिहार आयोजन में शामिल होने के लिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से अपने कार्यकर्ताओं को लेकर निकले थे, इसी बीच ब्यावरा पहुंचते ही उनको रूटीन चेकिंग के नाम पर पुलिस का सामना करना पड़ा। ट्रेफिक थाना प्रभारी देवनारायण पांडे ने विधायक की गाड़ी को साइड में खड़ा करवाकर जांच करवाने के लिए कहा गया जो कांग्रेस विधायक को रास नहीं आया। फिर क्या था कांग्रेस विधायक परमार ने अपनी पूरी भड़ास पुलिस का सामना करते हुए निकाल दी और इसी बीच पुलिस और विधायकों के बीच तीखी नोक झोक होती रही। तराना विधायक पुलिस से गोली मारने तक का कहते सुने गए।

### सोशल मीडिया पर हुआ वीडियो वायरल

ब्यावरा पुलिस और विधायकों के बीच हुई तीखी नोंकझोंक का वीडियो विधायक महेश परमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। इसी के साथ इंडियन नेशनल कांग्रेस ने भी इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया। विधायक परमार ने ब्यावरा एसडीओपी प्रकाश शर्मा को तीखे शब्दों में धमकी देते हुए बोला की अपना पुलिस का बैच उतारो और भाजपा का फूल लगा लो। अगर इतनी ही एजेंटी भाजपा की करनी है तो पुलिस की नौकरी छोड़ दो। इस बीच एसडीओपी ब्यावरा अपने दोनों हाथ जोड़ते हुए विधायक परमार को बोल रहे हैं कि विधायक जी हम आपसे दूर नहीं हैं। इसी बीच सिटी ब्यावरा थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेंद्र धाकड़ बीच में आकर विधायक परमार को टोकते हैं और कहते रूटीन चेकिंग है, चेकिंग तो सभी गाड़ियों की होगी विधायक जी। विधायक बोले विधायक की गाड़ी कैसे चेक होगी। टीआई बोले कोई भी हो गाड़ी हो चेक होगी। इसी बीच विधायक परमार अपना आपा खोते हुए ब्यावरा सिटी टीआई वीरेंद्र धाकड़ से बोले - गोली मार दो, यह बैच पर जो धाकड़ लिखा है इसका ध्यान रखो और भाजपा की बजाना बंद करो।

### 150 से अधिक गाड़ियों की रूटीन चैकिंग की

पुलिस अपनी रूटीन चैकिंग करने कीलखेडा जोड पर अपना पाइंट लगाई हुई थी। टीआई सिटी वीरेन्द्र धाकड ने बताया कि हमने 150 से अधिक गाडियों की चैकिंग की है उसी में इन जनप्रतिधियों की गाडियां भी शामिल है किसी को टारगेट करके नहीं रोका गया।

### इनका कहना है...

सिटी थाने की रूटीन चेकिंग थी। हम तो उनके सपोर्ट में खड़े थे कितने वहनों पर कार्यवाही की गई है। इसका रिकॉर्ड सिटी थाने से ले लीजिए। विधायक परमार को जो कहना था उन्होंने कह दिया। हमें सरकारी कर्मचारी होने के नाते चेकिंग करना था हमने हमारा काम किया।

**देवनारायण पांडे, ट्रैफिक थाना प्रभारी**

# करनवास में शराब के ठेके पर हुई लूट और ब्यावरा की चोरी का किया पर्दाफाश

## महंगे शौक पूरे करने चोरी, लूट जैसी वारदातों को दे रहे थे अंजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

मार्च माह में करनवास स्थित शराब के ठेके से हुई नकदी सहित शराब के माल की लूट सहित ब्यावरा की अन्य चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। लूट और चोरी की उक्त दोनों वारदातों को एक ही गैंग के 12 आरोपियों ने अंजाम दिया था जिनमें से 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लूट का माल भी बरामद कर लिया है।

इन शातिर बदमाशों को पकड़ने पुलिस की विशेष टीम ने ब्यावरा, भोपाल, इंदौर, झालावाड़, गुना, उज्जैन, धार, शाजापुर इत्यादि शहरों में करीब 4 हजार किमी का सफर तय करते हुए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का खंगाला। तब कहीं जाकर ये बदमाश शिकंजे में आ पाए। नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे ने मंगलवार दोपहर स्थानीय कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने मंहगे शौक पूरे करने के लिए चोरी, लूट इत्यादि वारदातों को अंजाम देते आ रहे थे। एक आरोपी पर तो मप्र के विभिन्न थानों में चोरी के 34 से अधिक अपराध दर्ज हैं।

### ब्यावरा से चुराई बोलेरो से करनवास में की लूट

16-17 मार्च की दरम्यानी रात्रि करनवास के शराब के ठेके से अज्ञात लुटेरों ने 30 पेटी देशी और अंग्रेजी शराब सहित गल्ले में रखे 25 हजार रुपए लूट लिए थे। पुलिस की विवेचना में ज्ञात हुआ कि ब्यावरा की शिवधाम कॉलोनी से चोरी हुए तूफान वाहन से इस लूट को अंजाम दिया गया था। घटना की पतारसी के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीमें बनाई जिन्होंने सायबर सेल की मदद ली वहीं 200 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। इस पड़ताल से मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने कई शहरों में जाकर दबिश दी।

पड़ताल में एक संदेही सचिन सौंधिया द्वारा पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर ब्यावरा से तूफान वाहन चोरी करना और करनवास ठेके पर लूट की वारदात कबूल की। सचिन की निशानदेही पर गोलू झांझर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि घटना में शामिल अन्य साथीमनोज यादव, करण उर्फ कान्हा, अवधेश यादव एवं गोपाल दांगी 22 मार्च को सारंगपुर में हुई लूट के मामले में जेल में बंद है। इस तरह कड़ी से कड़ी मिलाते हुए पुलिस टीम ने एक अन्य आरोपी छोटू उर्फ छोटिया पिता विक्रम राजपूत एवं देवा उर्फ देवेंद्र भांमर को भी गिरफ्तार किया।

### ब्यावरा के आरोपियों को बेचा लूट का माल

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि करनवास ठेके से लूटी गई शराब ब्यावरा के पवन जाटव एवं पुरुषोत्तम जाटव को सस्ते दाम पर बेची थी। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार गिया तो उन्होंने बताया कि सस्ते दाम में खरीदी गई शराब को घर में स्टोरेज किया और बाद में शुजालपुर में आकाश उर्फ रितिक परमार को बेच दिया। पुलिस ने आकाश परमार को भी अभिरक्षा में ले लिया।

# जानलेवा हमले के बाद भी पुलिस ने सामान्य धाराओं में दर्ज किया केस

## दाताग्राम निवासी दलित परिवार के लोगों ने पुलिस पर लगाए आरोप

**राजगढ़।** 6 जुलाई की रात्रि दाताग्राम निवासी दलित परिवार के लोगों के साथ महज ढाई हजार रुपए के लेन-देन विवाद में ढंढ गांव निवासी आरोपी पक्ष ने युवक को बंधक बनाकर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में बच्चों, महिलाओं सहित 7 लोग घायल हुए थे। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोंटें आई थीं।

मामले में कोतवाली पुलिस पर सामान्य धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए दलित परिवार के लोग मंगलवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां सभी ने आरोपी पक्ष के सभी लोगों पर अपहरण और हत्या के प्रयास की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध करने की मांग रखी। पीड़ित पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि अमृतलाल सौंधिया से ढाई हजार रुपए उधार लेने वाले नवीन जाटव को चार दिन पहले भी बंधक बनाकर मारपीट की गई थी। उसी समय नवीन के परिजनों ने अजाक थाने में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस के ढीले-ढाले रवैये के चलते ही आरोपियों के हौसले बुलंद हुए और 6 जुलाई की रात्रि फिर से नवीन को लोहे की सांकल से बांधकर जमकर पीटा। वहीं उसे बचाने पहुंचे परिजनों पर भी लट्ठ, फर्सी सहित अन्य हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।



महज ढाई हजार के लेन-देन विवाद में चले लट्ठ-फर्सी, 7 लोग घायल

घायलों में बच्चे, महिलाएं भी शामिल, 7 लोगों पर एससी, एसटी और अन्य धाराओं में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महज ढाई हजार रुपए की उधारी के विवाद में रविवार रात्रि ढंढ गांव के एक ही परिवार के लोगों ने दाताग्राम निवासी दलित परिवार पर लट्ठ, फर्सी व अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में बच्चों और दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घटना के बाद एम्बुलेंस और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने ढंढ गांव के 7 लोगों पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

क्या है पूरा मामला

दाताग्राम निवासी नवीन पिता महेश कुमार जाटव ने तीन महीने पहले ढंढ गांव निवासी अमृतलाल सौंधिया से ढाई हजार रुपए उधार लिए थे। यह रुपए लौटाने को लेकर अमृतलाल और परिजनों ने नवीन को चार दिनों पहले अपने घर पर बंधक बना लिया लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। नवीन को बंधक बनाए जाने संबंधी एक आवेदन उसके परिजनों द्वारा उसी दिन अजाक थाने में दिया गया था लेकिन उक्त आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

रविवार रात्रि धनवास जोड़ पर नवीन फिर से अमृतलाल सौंधिया को नजर आने पर वो उससे पैसे मांगने लगा और नवीन से मारपीट शुरू कर दी। उसी समय नवीन के चाचा महेश कुमार पिता मोहनलाल भी वहीं से गुजर रहे थे। अपने भतीजे नवीन के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे तो अमृतलाल और उनके परिजनों ने लट्ठ और फर्सी से मारपीट शुरू कर दी। इस झगड़े और मारपीट की खबर नवीन के अन्य परिजनों मुन्नीबाई, ऊषाबाई, लोकेश, निशांत को मालूम हुई तो वे भी घटनास्थल पहुंचे जहां पहले से हथियारों मारपीट कर रहे लोगों ने इन सभी को भी जमकर पीटा जिसमें किसी के सिर में गंभीर चोंट आई तो किसी के हाथ, पैर और कंधों में गंभीर चोंटे पहुंची।

डॉयल 100 वाहन को दी गई सूचना

घटना के बाद डायल 100 वाहन एवं एम्बुलेंस को सूचना दी गई। जिसके बाद सभी घायलों को रात में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

इन पर दर्ज हुआ प्रकरण

मामले में महेश जाटव की रिपोर्ट पर राजगढ़ कोतवाली थाने में 7 आरोपियों पर एससी/एसटी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों में अमृतलाल पिता पूरजी सौंधिया, मिथुन पिता अमृतलाल सौंधिया, कालु पिता पूरजी सौंधिया, धीरप पिता पूरजी सौंधिया, फूलसिंह पिता पूरजी सौंधिया, संतोषबाई पिता अमृतलाल सौंधिया सर्व निवासी ग्राम ढंढ एवं भगवान सिंह निवासी लालतलाई थाना कालीपीठ शामिल हैं।

#### मानकी गांव निवासी प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग पहुंचे एसपी ऑफिस

# चार बार एसपी ऑफिस आने के बाद भी हमें नहीं मिल रहा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



करीब दो माह पूर्व 13 मई को मानकी गांव निवासी हरिओम प्रजापति का शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला था। सुठालिया पुलिस ने उस समय मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। मृतक हरिओम प्रजापति के परिजनों सहित ग्रामीणों का आरोप है कि हरिओम की हत्या करने के बाद हत्यारों ने इसे आत्महत्या साबित करने उसके शव को पेड़ पर लटका दिया था लेकिन पुलिस अभी भी मामले में जांच का हवाला देकर दोषियों को बचाने में लगी हुई है।

ऐसे में मृतक हरिओम के परिजन सहित मानकी गांव के एक सैकड़ा से अधिक लोग मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और नवागत एसपी अमित तोलानी को आवेदन सौंपकर आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग रखी। फरियादियों ने नवागत एसपी तोलानी को अवगत कराया कि वे पूर्व में भी तीन बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर अपनी मांग रख चुके हैं लेकिन सुठालिया पुलिस द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही नहीं की जा रही है और थाने जाने पर सिर्फ जांच का हवाला दिया जा रहा है।

### आवेदन में बिंदुवार रखी अपनी बात

एसपी तोलानी को सौंपे गए आवेदन में मृतक हरिओम के भाई सुरेश पिता रामचरण प्रजापति सहित अन्य परिजनों ने बिन्दुवार अपनी बात रखी की किस तरह उसकी हत्या की गई है। आवेदन में मृतक हरिओम के एक युवति से प्रेम प्रसंग का हवाला देते हुए युवति के चचेरे भाईयों एवं उनके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणा ने एसपी तोलानी से मांग रखी कि वे स्वयं इस मामले पर संज्ञान लेते हुए विशेष टीम से सिरे से पूरे मामले की जांच करवाएं ताकि सत्यता सामने आ सके।

# हजारों में आ रहे स्मार्ट मीटर के बिलों का सड़क से लेकर कलेक्ट्रेट तक विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



स्मार्ट मीटर का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। एक ओर जहां नागरिकों ने रैली निकाल कर भारी भरकम विलों को माफ करने की मांग के साथ प्रशासन को ज्ञापन सोंपा तो वहीं दूसरी ओर जनसुनवाई में भी लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्राइवेट कंपनी द्वारा शहर भर में आम जनता के भारी विरोध के बाबजूद लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पर तुरंत रोक लगाई जाए व बिजली के निजीकरण की नीति को रद्द किया जाए।

उन्होंने कहा कि शहर में जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उनके बिजली के बिल पूरे शहर को हैरत अंगेज करने वाले हैं। गुना के लक्ष्मीनगर में कई लोगों के बिजली बिल हजारों रुपए में आए हैं जो पूर्व में हजार-पांच सौं के हुआ करते थे। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और इलाज से जनता पहले से ही परेशान है ऐसे में स्मार्ट मीटर के बिलों ने उनके परेशानियों को बढ़ा दिया है। लोग परेशान हैं लेकिन कहीं पर उनकी सुनवाई नहीं की जा रही है। ये हालात सिर्फ गुना जिले के ही नहीं बल्कि जहां भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं वहां लोग सड़कों पर निकल कर इसका विरोध कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएं एवं जिन लोगों के भारी-भरकम बिल आए हैं, उनका बिल माफ किया जाए सहित कई मांगों को उठाया गया।

### एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में लंबित आवेदनों और विशेष अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों पर विभागीय लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एल-1 स्तर पर अनसुनी शिकायतों और आश्वासनयुक्त जवाब देने वालों की सूची तैयार कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की प्रदेश रैंकिंग 24वें स्थान पर है जो निराकरण में लापरवाही का संकेत है। एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जानकारी दी गई कि सीएम हेल्पलाइन के 100 दिवसीय आवेदनों में 5234 में से 5227 मामले लंबित हैं। वहीं, पचास दिवसीय आवेदनों की संख्या 7474 है।

# सरकारी स्कूलों में होगा शैक्षिक ओलंपियाड, 30 जुलाई तक आवेदन

## ओएमआर शीट में प्रश्न हल करेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले समेत प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक ओलंपियाड का आयोजन होने जा रहा है। प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है।

इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिए विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष के ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय पर ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी।

### जिला स्तर के लिए 64 विद्यार्थी होंगे चयनित

कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

# स्कूल में मनाया गया हरित दिवस महोत्सव

## तलेन के एसबीएस स्कूल के बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**तलेन।** एसबीएस स्कूल तलेन के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को हरित दिवस आयोजित किया गया। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से सातवी के बच्चो ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड बचाने का संकल्प लिया। इस दिवस पर छात्रों ने धरती मां के प्रति अपना प्यार और देखभाल दिखाने के लिए हरित दिवस मनाया।इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के डाइरेक्टर नंद किशोर यादव एवं प्रिंसिपल एच. एस. परमार द्वारा किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चो मे पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

# गायत्री शक्तिपीठ से ज्योति कलश यात्रा निकाली

**जीरापुर।** गायत्री शक्तिपीठ के माध्यम से गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष द्वारा नगर में ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। गुरुदेव माताजी के आशीर्वचन को जन-जन तक पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य से यह ज्योति कलश यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतवर्ष में निकाली जा रही है। गुरुदेव द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योति को 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं साथ ही माता जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में यह सारे आयोजन हो रहे हैं। गायत्री शक्तिपीठ से ज्योति कलश यात्रा रथ को विधायक हजारीलाल दांगी श्रीमती ज्योत्सना दांगी सपत्नीक ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान करवाया जो जीरापुर नगर के विभिन्न मार्ग सहित जीरापुर तहसील में 5 दिन का भ्रमण रहेगा जिसमें गांव-गांव यात्रा पहुंचेगी।

#### बच्चों के भविष्य पर प्रश्नचिंह, प्राचार्य ने रोका 2 माह का वेतन

# बिना सूचना 9 महीने से शिक्षिका नहीं पहुंची स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



जीरापुर ब्लॉक जैसे लापरवाह शिक्षकों की कर्मभूमि बन गया हो। आए दिन शिक्षकों की मनमानी के किस्से आम होते जा रहे हैं। लगता है जैसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों का अपने अधिनस्त शिक्षकों पर कोई नियंत्रण ही नहीं रहा या फिर मिलीभगत होने से यह सब चल रहा है। मामला पीपल्या कलां के शासकीय स्कूल का है जहां पर पिछले 9 महीने से शिक्षिका उपस्थित नहीं हो रहीं है और अपनी वेतन पा रही है। हाल ही में स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों की पढ़ाई के नुकसान होने के चलते शिक्षिका का मई और जून का वेतन रोक दिया है।

### यह है पूरा मामला

वर्ग 2 की साइंस की शिक्षिका कल्पना गुर्जर अतिशेष में जीरापुर कन्या शाला से अगस्त 2024 में पीपल्या कलां हायर सेकंडरी स्कूल में भेजा गया। फिर डीईओ की कृपा से पुनः जीरापुर कन्या शाला में उनका अटेचमेंट कर दिया गया। इसके बाद डीईओं ने 2025 में अटेचमेंट खत्म किया फिर भी मेंडम ने ज्वाइन नहीं किया। अंततः 17 मई 2025 को संचालनालय से भी अटेचमेंट खत्म करने के आदेश आए परंतु कल्पना गुर्जर ने फिर भी स्कूल में ज्वाइननिंग नही दी। हैरत की बात तो यह है कि महिनों ज्वाइनिंग नहीं देने के बाद भी डीईओं की कृपा से वेतन का आहरण होता रहा। इससे समझा जा सकता है कि जिला शिक्षा अधिकारी सरकारी स्कूल में बच्चों की पढ़ाई को लेकर कितने संवेदनशील है। अंततः स्कूल प्राचार्य देवनारायण दांगी ने बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित शिक्षिका का पिछले दो माह का वेतन रोक लिया है जो ज्वाइन करने के बाद ही रिलीज हो पाएगा।

### डीईओ बोले - छात्रावास की वार्डन है

इस मामले में जब डीईओ करन सिंह भिलाला से बात की गई तो उन्होंने पीपल्या कलां स्कूल में न जाने वाली शिक्षिका के पक्ष में बात रखते हुए कहा कि वह जीरापुर छात्रावास में वार्डन है। तो फिर प्रश्न यह उठता है कि फिर उनको पीपल्या कलां स्कूल जो की खिलचीपुर ब्लॉक में क्यों भेजा गया। इस बारे में जब हरिभूमि ने पूछा की बच्चों की पढाई का क्या होगा तब डीईओं ने कहा उन्हें स्कूल जाना पढ़ेगा।

### इनका कहना है...

साइंस शिक्षिका के न आने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है फिर रिजल्ट के समय अधिकारी हमसे पूछते हैं। इसलिए मैने संबंधित शिक्षिका का पिछले 2 महीने का वेतन रोक लिया है।

**देवनारायण दांगी,** प्राचार्य पीपल्या कलां स्कूल ब्लॉक खिलचीपुर

खबर संक्षेप

## स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 09 जुलाई को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 498 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 185 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रों में रेफर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच के लिये निशुल्क पिक अप एवं ड्राप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## बूथ लेवल ऑफिसर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले में सभी बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आष्टा, इछावर एवं भैरूंदा में बूथ लेवल ऑफिसर्स के प्रशिक्षण आयोजित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन करना सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी को बीएलओ के दायित्वों के बारे में भी बताया गया।

### गत वर्ष इसी अवधि में हुई थी 1567.1 मिमी वर्षा, इस वर्ष अब तक 3715.9 मिमी हुई बारिश

# जमकर बरसे बदरा... पिछले वर्ष की अपेक्षा अब तक दोगुना हुई बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में लगातार तेज बारिश का दौर जारी है। पचमढ़ी में सोमवार से जारी बारिश में 10 घंटे में 5 इंच से अधिक पानी गिरा। पिछले 24 घंटे में सोहागपुर में सर्वाधिक 7.6 इंच बारिश दर्ज की गई। पचमढ़ी में हो रही बारिश और सारनी के सतपुड़ा डैम के गेट खुलने से तवा डैम तेजी से भर रहा है। 36 घंटे में डैम में 13 फीट पानी बढ़ा है। मंगलवार सुबह डैम का जलस्तर 1138.40 फीट था, जो शाम 6 बजे बढ़कर 1143.70 फीट हो गया। सेठानी घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर भी शाम 6 बजे 950 फीट पहुंच गया। बरगी बांध के 13 गेट खुले होने से नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति पर नजर बनाए हुए ताकि अप्रिय घटना का रोका जा सके।

नर्मदांचल में पिछले एक सप्ताह से बारिश का दौर जारी है। अब तब जिले में 3715.9 मिमी बारिश हो चुकी है। जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी है।



### आज रहेगी स्कूलों की छुट्टी

तेज बारिश को देखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना ने 9 जुलाई बुधवार को जिले के सभी सरकारी, निजी, नवोदय और सीबीएससी स्कूलों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। हालांकि परीक्षाएं यथावत रहेंगी। छुट्टी के दौरान शिक्षकों को स्कूल आकर एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर नामांकन, छात्रवृत्ति एवं अन्य जानकारियां अपडेट करनी होंगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को भी विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई थी।अगले 4

### भारी बारिश का अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार जिले में 9 जुलाई को अति भारी बारिश का अलर्ट है। साथ ही 10 और 11 जुलाई को भी भारी बारिश की संभावना है। राजस्थान से बनी मानसून ट्रफ लाइन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजर रही है। इसके अतिरिक्त बंगाल की खाड़ी की ओर से भी एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इन दोनों के प्रभाव से अगले पांच दिनों तक जिले सहित आसपास के इलाकों में भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

### इस वर्ष पिछले वर्ष से दोगुनी हुई वर्षा, 24 घंटों में सोहागपुर में सर्वाधिक 7.6 इंच बारिश

जिले में 1 जून अब तक जिले में 3715.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1567.1 मिमी वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 08 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 455.4मिमी, सिवनीमालवा में 241.0 मिमी, इटारसी में 313.8 मिमी, माखननगर में 241.0 मिमी, सोहागपुर में 497.0 मिमी, पिपरिया में 491.8 मिमी, बनखेड़ी में 658.6 मिमी, पचमढ़ी में 474.0 एवं तहसील डोलरिया में 344.1 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 946.20 फीट है, तवा जलाशय का 1138.40 फीट है, बरगी जलाशय का 419.30 मीटर एवं बारना जलाशय 344.87 मीटर दर्ज किया गया है। सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है।

## खाद्य आपूर्ति विभाग के अमले ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार एलपीजी गैस प्रदाय संबंधी अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण जारी है।

इसी क्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद सिंह राजावत एवं विभाग के संयुक्त दल द्वारा सीहोर स्थित महमूद हुसैन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एजेंसी में मानदंडों के अनुसार सिलेंडर और गैस भंडारित पाई गई।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री राजावत ने उपभोक्ताओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए संचालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संयुक्त संचालक ने किया कार्यालय का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** नवागत संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम संभाग डॉ. मनीष वर्मा ने गत दिवस अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. वर्मा ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर सभी को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए।

## सांसद निधि से आर्थिक सहायता राशि जारी

**नर्मदापुरम।** राज्य सभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर राज्यसभा सांसद स्वेच्छानुदान से 28 हितग्राहियों को इलाज हेतु क्रमशः 5--5 हजार रुपए की कुल 1 लाख 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद निधि से भोपाल के बने सिंह, अर्जुन वर्णवाल, संदीप दहिया, सुनील अतुलकर, प्रमोद कुमार आदि को राशि जारी की।

## मानस भवन में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज मनेगा

**आष्टा।** अनंत विभूषित, भारत की आध्यात्मिक चेतना के संवाहक, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज की महति कृपा रही है। उनके नगरागमन और समय समय पर हुई भव्य कथाओं के चलते क्षेत्र में उनके द्वारा दीक्षित शिष्यों की संख्या हजारों में है। सभी भक्तजन प्रभु प्रेमी संघ द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर एकत्र होंगे। गुरुपूर्णिमा उत्सव भव्यता के साथ मानस भवन में आयोजित होगा। लगभग पच्चीस वर्ष पूर्व आष्टा में स्वामी अवधेशानंद जी महाराज के प्रथम नगर आगमन पर प्रभु प्रेमी संघ की स्थापना हुई और तब ही से गुरु पूर्णिमा, गुड़ी पड़वा, कार्तिक पूर्णिमा जैसे हिंदू धर्म के आयोजन सार्वजनिक समारोह के रूप में सम्पन्न होने प्रारंभ हुए। हिन्दू सनातन धर्म में गुरु की महत्ता को स्पष्ट करने हेतु गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है इस वर्ष का यह आयोजन 10 जुलाई दिन गुरुवार को सुबह 8 के बजे से सुबह 10 बजे तक मानस भवन के विशाल प्रांगण में होगा। प्रख्यात संगीतकार भजन गायक राम श्रीवादी अपनी मंडली के साथ प्रस्तुति देंगे, गुरु तत्व की महिमा पर जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर के परम शिष्य पंडित वैभव भटेले भोपाल प्रवचन देंगे।

## गुरु दीक्षा के साथ आज किया जाएगा श्रीराम रक्षा संजीवनी जल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर शहर में जगह-जगह गुरु दीक्षा के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्री अयोध्यानाथ पीठाधीश्वर जगदगुरु यशोदानंद महाराज पंडित अजय पुरोहित द्वारा बड़ी संख्या में शिष्य और श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा दी जाएगी।

इस मौके पर पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का बहुत बड़ा महत्व है। यह दिन गुरुओं को समर्पित है। शहर के अवधपुरी में श्री दत्त मंदिर में किया जाएगा। इस मौके पर सुबह उनके निजी निवास पर नौ बजे से श्री हनुमान महाराज की प्रेरणा से श्री हनुमान बाहुक द्वारा अभिमंत्रित निरोगी काया हेतु श्रीराम रक्षा संजीवनी जल का वितरण किया जाएगा। इस दिन गुरुओं की पूजा करने और उनका आशीर्वाद लेने से बहुत लाभ मिलता है। गुरु पूर्णिमा आषाढ़ पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। दरअसल, महर्षि वेद व्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा के दिन हुआ था और उन्हें दुनिया के पहले गुरु का दर्जा दिया गया है, इसीलिए महर्षि वेद व्यास के सम्मान में आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। सुबह ग्यारह बजे गुरु पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा और भोजन प्रसादी का वितरण होगा।

## सीहोर रुकेगी उज्जैन-भोपाल स्पेशल पैसेंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पवित्र सावन मास में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के उज्जैन से भोपाल के मध्य गाड़ी संख्या 09313/09314 उज्जैन-भोपाल-उज्जैन स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा। रेलवे पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन भोपाल स्पेशल 10 जुलाई, 2025 से 31 अगस्त, 2025 तक उज्जैन से प्रतिदिन 21.00 बजे चलकर तराना रोड (21.30/21.32), मक्सी (21.45/21.47), बेरछा (22.02/22.04), कालीसिंध (22.15/22.20), अकोदिया (22.35/22.36), शुजालपुर (22.48/22.50), कालापीपल (23.05 /23.06), सीहोर (23.36/23.38) एवं संतहिरदाराम नगर (00.40/00.42) होते हुए 01.05 बजे भोपाल पहुंचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09314 भोपाल उज्जैन पैसेंजर 11 जुलाई, 2025 से 01 सितम्बर, 2025 तक भोपाल से प्रतिदिन 02.15 बजे चलकर संतहिरदाराम नगर (02.38/02.40), सीहोर (03.10/03.12), कालापीपल (03.40/03.42), शुजालपुर (04.20/04.22), अकोदिया (05.40/04.42), कालीसिंध (05.10/ 05.12), बेरछा (05.25/05.27), मक्सी (05.55/06.00) एवं तराना रोड (06.20/06.22) होते हुए 07.20 बजे उज्जैन पहुँचेगी। ट्रेन अनारक्षित है तथा मेल एक्सप्रेस ट्रेन के अनुसार सामान्य श्रेणी का किराए से यात्रियों को राहत मिलेगी।

## हमें सात पीढ़ी की चिंता, वर्तमान की नहींः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मनुष्य पर्याय और जैन कुल प्राप्त कर जब धर्म ध्यान कर रहे हैं यह बहुत विशेष पुण्योदय है। तीनों पुरुषार्थ विशेष है।मनुष्य पर्याय में जिनवाणी सुन रहे हैं,जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक दर्शन कर रहे, गुरु के दर्शन कर रहे यह सामान्य नहीं है। जिनके जीवन में धर्म है वह महान है।पुण्य के कारण पुरुषार्थ किया। व्यक्ति को सात पीढ़ी की चिंता है, वर्तमान पीढ़ी की नहीं। कौन सा स्वप्न देखते हो,जिसे मुनिश्री स्वप्न में आएं वह बहुत ही पुण्यशाली है। इन्द्रियों के दास बने हुए हो,जो इन्द्रियों का दास है वह संयम धारण नहीं कर सकते हैं। मुनि किसी से राग-द्वेष नहीं करते हैं। मां में ममता छुपी हुई है। भगवान के सामने प्रतिज्ञा करें कि कभी भी आत्मघात नहीं करेंगे। पहले स्वयं को सुधारें, फिर दूसरे को।वरमाला से आत्मकल्याण नहीं होगा, आत्म कल्याण तो पिच्छिका- कमंडल से होगा।उक्त बातें नगर के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में वाककेशरी श्रमणाचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। आपने कहां कि सफेद बाल यमदूत के दूत हैं वह संयम के मार्ग पर अग्रसर होकर आत्म कल्याण करने का संदेश देते हैं। मुनिश्री ने कहा शरीर का श्रृंगार नहीं करने वाले व्रती एवं महाव्रती है। वैसे आजकल तो ब्यूटीपार्लर का जमाना है। आत्म कल्याण की उम्र है, मृत्यु का कोई भरोसा नहीं।

आर्य परम्परा समाप्त हो रही है। तपस्या करने से आत्म कल्याण होगा।पाश्चात्य संस्कृति हावी हो रहीं हैं।जैसा भेष वैसे भाव होते हैं।भेष का बहुत प्रभाव पढ़ता है। संयोग के बाद वियोग आता है, यह प्रकृति का नियम है।धन साथ जाने वाला नहीं, किया गया पुण्य ही साथ जाएगा, अधर्मी डूबता है। मिथ्यात्व को त्याग कर आगे बढ़ना है। सम्यक दर्शन वाले भव से पार हो जाते हैं।कुगुरु को नमस्कार कर रहे हो, धर्म का पुरुषार्थ करें, जिनवाणी श्रवण कर धर्म पुरुषार्थ करें।धन के संग्रह करने में नहीं थकते, नोट गिनने की मशीन लें आएं, लेकिन धर्म करने में थक जाते हो, धर्म करते -करते देह त्यागे।देव पर्याय से कम लोग आ रहे हैं। मनुष्य पर्याय को सार्थक करें, धर्म पुरुषार्थ करें। मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने कहां भगवान,गुरु और शास्त्र अर्थात देव, शास्त्र और गुरु पर विश्वास नहीं है तो परिवार पर आपको विश्वास नहीं होगा।तलाक का जमाना चल रहा है,तलाक का कारण शक की दृष्टि से देखना हैं।राग को समाप्त करें। जहां धर्म वहां पुरुषार्थ और भक्ति होती है। ज्ञान चेतना में अनन्त सुख है।

अष्टांहिका महापर्व पर मंदिरों में नंदीश्वर द्वीप मंडल विधान एवं श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही है। वर्तमान में भगवान महावीर स्वामी की वाणी जन-जन तक पहुंचाने और त्याग, तपस्या और संयम के मार्ग पर चलकर आत्म कल्याण की प्रेरणा देने वाले मुनिश्री 108 प्रवर सागर मुनिराज चातुर्मास हेतु अरिहंत पुरम अलीपुर के श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान हैं।

## संत के सानिध्य में हमारी भक्ति और कर्मशीलता में आता है अद्भुत रूप से निखार : कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मातृत्व शक्ति की प्रतीक तथा मालवांचल की आध्यात्मिक हस्ती पूज्य कृष्णा मां के सानिध्य में चल रहे गुरुपूर्णिमा अमृत महोत्सव के दौरान आज नगर में श्री कृष्णा भक्त मण्डल एवम ब्रह्मानन्द जन सेवा संघ द्वारा पूज्य मां कृष्णा की शोभा यात्रा निकाली गई।



शोभायात्रा गायत्री मन्दिर से आरम्भ हो कर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक तथा पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार की अगुवाई में प्रगति चौराहे पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पूज्य माता को शाल श्रीफल भेंट कर उपस्थित जंन ने आशीर्वाद लिया। प्रभु प्रेमी संघ के साथियों ने श्रद्धालुओं ने फलाहारी प्रसाद भी वितरित किया। बताते चलें कि कृष्णा मां ने आष्टा नगर में अपना आश्रम स्थापित किया है जिससे नगर की आध्यात्मिक गतिविधियां पुष्ट हुई हैं। कृष्णा मां के दिव्य आश्रम में अमृत महोत्सव के साथ ही प्रवचन एवम सत्संग का लाभ भी देश भर से आये श्रद्धालुओं को मिल रहा है। प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार ने नगर में चल रही सभी धार्मिक गतिविधियों का अनुमोदन करते हुए कहा कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरातल पर हमारी कर्मशीलता सकारात्मक दिशा में बढ़ती रहे।

यही सभी प्रभु प्रेमी जन की कामना रहती है। प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, वरिष्ठ समाज सेवी मोहनसिंह अजनोंदिया, अजित जैन आस्था, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, एडवोकेट पल्लव प्रगति, शिवनारायण चौरसिया, चंचल ताम्रकार, मनीष सेन, संजय जैन, संतोष मालवीय आदि ने शोभायात्रा का स्वागत कर पूज्य माताजी का आशीर्वाद लिया।

### मप्र जन अभियान परिषद और नवांकुर संस्था ने चलाया एक पेड़ मां के नाम अभियान

# पौधरोपण कर ग्रामीणों को अभियान का समझाया महत्व






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था भमुरा सेक्टर मैना द्वारा ग्राम टांडा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में और चंद्रवंशिय खाती समाज धर्मशाला खड़ी हाट में स्थित शिव मन्दिर के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शीशम और पीपल के छायादार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी, नवांकुर संस्था प्रभारी महेश चंदेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टांडा के अध्यक्ष माखन सिंह मेवाड़ा, सचिव सुभाष मेवाड़ा शिक्षक ज्योति चितौ, डॉ एलकार मेवाड़ा, रामसिंह मेवाड़ा व प्रस्फुटन समिति खड़ी हाट की सचिव दीप्ति चोरसिया सहित सदस्य गण उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी ने पौधेरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व समझाया व ग्रामीणों की संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी हे। सभी ग्रामीण जन अधिक संख्या में पौधे लगाए एवं साथ ही पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प ले।

### जावर के स्कूल में लगाए पौधे

**जावर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से नगर विकास प्रसफुटन समिती जावर द्वारा श्रीसाई पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया। कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी के प्रेरणा से किया गया। समिति के अध्यक्ष राजपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि हम सब को मिलकर एक पौधा प्रतिवर्ष जरूर लगाना चाहिए और साथ मे उस की समय पर पानी देकर देखभाल करना चाहिए, ताकी वह पेड़ बन सके। समिति ने पिछले साल लागये पौधा अभी जीवित है। इस पोधारोपण के अवसर पर प्रभात फेरी मंडल के सदस्य और प्रसफुटन समिति सदस्य सुनील लोधी, जगदीश माहेश्वरी, सौभाल ठाकुर, खुमान सिंह, जितेंद्र विश्वकर्मा, अर्जुन सिंह, कुमेर सिंह, शिव पटवा, कैलास पटवा आदि उपस्थित थे।

## सकल हिंदू समाज ने कृष्णा मां का किया स्वागत-सम्मान

**आष्टा।** नगर में परम पूज्य सदगुरुदेव ब्रह्मज्ञानी संत परम पूज्य सदगुरुदेव कृष्णा मां के पावन जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा नगर के गायत्री मंदिर से ढोल नगाड़े के साथ प्रारंभ हुई। शोभायात्रा मार्ग पर भक्त जनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत सम्मान किया। समापन मुकाती पेट्रोल पंप सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव और कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने रथ पर विराजमान परम पूज्य सदगुरुदेव कृष्णा मां का शाल श्रीफल भेंट कर भगवान श्री राम के नाम लिखे वस्त्र के दुपट्टे से सम्मान किया। समाज अध्यक्षगण नारायण भूरू मुकाती, लखन विश्वकर्मा, मांगीलाल सिसोदिया, मनोहर जायसवाल आदि ने पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत सम्मान किया।

**कार्यालय जनपद पंचायत, आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.)**

दूरभाष 07560-242022

क्र./3241 / ज.पंचा/मत्स्यपालन / 2025 आष्टा, दिनांक, 09/07/2025

-:- विज्ञप्ति सूचना-:-

जनपद पंचायत आष्टा क्षेत्र में निम्नानुसार ग्रामीण / सिंचाई जलाशयों को मत्स्य पालन/मत्स्य आखेट एवं मत्स्य बीज उत्पादन के लिये 10 वर्ष हेतु पटटे पर दिया जाना है तालाब के नाम इस प्रकार है। 1-गवा बडझीरी जलाशय, 2-झीकडीखुर्द जलाशय, 3-भंवरी जलाशय, 4- पांचापुरा जलाशय, 5- निपानियाकलां जलाशय, 6-गुराडिया रूपचंद जलाशय ,7-सेवदा जलाशय

इच्छुक संस्था/समिति/व्यक्ति अन्य शर्तों की जानकारी जनपद कार्यालय आष्टा से कार्यालयलीन समय में प्राप्त कर सकते है आवेदन दिनांक 22.07.2025 को शाम 5.00 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किये जायेंगे। तालाब पटटे पर दिये जाने के संबंध मे जनपद पंचायत का निर्णय अंतिम होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, आष्टा